भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-2247**

उत्तर देने की तारीख-09/12/2024

**लद्दाख में सीबीएसई परीक्षा**

†2247. **श्री मोहम्मद हनीफ़ा:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार इस बात से अवगत है कि संघ राज्यक्षेत्र लद्दाख में 2024 में कक्षा 10वीं और 12वीं की सीबीएसई परीक्षा फरवरी से मार्च के महीने में आयोजित की गई थी और वहां अत्यधिक ठंड के मौसम के कारण छात्रों और परीक्षा आयोजित करने हेतु कार्यरत कर्मियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था तथा अभिभावकों और स्कूल शिक्षा विभागों ने संघ राज्यक्षेत्र लद्दाख के प्रशासन के समक्ष सीबीएसई परीक्षा कार्यक्रम को फरवरी-मार्च से नवंबर-दिसंबर में बदलने का यह मुद्दा उठाया था;

(ख) यदि हां, तो सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कार्रवाई की गई है; और

(ग) क्या सरकार का संघ राज्यक्षेत्र लद्दाख में सीबीएसई परीक्षा कार्यक्रम में परिवर्तन करने का कोई प्रस्ताव है और इसे कब तक कार्यान्वित किया जाएगा?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री जयन्त चौधरी)**

(क) से (ग): केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने वर्ष 2024 में पहली बार लद्दाख के सभी संबद्ध स्कूलों की परीक्षा सफलतापूर्वक आयोजित की है, जिसमें स्कूलों/संघ राज्य क्षेत्र सरकार द्वारा सर्दियों के दौरान अर्थात परीक्षाओं के संचालन के समय अनुकूल वातावरण प्रदान करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। वर्तमान में, परीक्षाएँ आयोजित करने के कार्यक्रम में परिवर्तन संबंधी कोई प्रस्ताव नहीं है। सीबीएसई एक राष्ट्रीय बोर्ड है जो संपूर्ण भारत और 26 विदेशी राष्ट्रों में मौजूद है। 30,000 से अधिक स्कूल इससे संबद्ध हैं। प्रति वर्ष 40 लाख से अधिक छात्र कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं में उपस्थित होते हैं। सीबीएसई की वार्षिक बोर्ड परीक्षाएं दिनांक 15 फरवरी से अप्रैल के प्रथम सप्ताह तक तथा पूरक परीक्षाएं जुलाई में (लगभग 08 दिनों के लिए) भारत तथा 26 विदेशी राष्ट्रों में आयोजित की जाती हैं। भारत में स्कूलों का शैक्षणिक सत्र उन कुछेक शीतबाध्य, स्कूलों जिनकी परीक्षाएं भी सीबीएसई द्वारा शेष स्कूलों के साथ ही आयोजित की जाती हैं को छोड़कर अप्रैल से मार्च तक होता है। सीबीएसई से संबद्ध अंतर्राष्ट्रीय विद्यालय भी हैं। इन विद्यालयों की परीक्षाएं भी दिनांक 15 फरवरी से अप्रैल के प्रथम सप्ताह (भारतीय मानक समय के अनुसार) तक आयोजित की जाती हैं।

*****